हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, अप्रैल 9, 2024

10 लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

10 श्री अमर ज्योति मंदिर के वार्षिक महोत्सव का ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ

खबर संक्षेप

शहर में अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चोरी

सिरसा। शहर में अलग-अलग दो स्थानों से चोर दो बाइक चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में एकता नगर निवासी कर्ण ने बताया कि वह बीती 6 अप्रेल को बाइक लेकर अनाज मंडी में किसी काम से आया था। दुकान के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो मोटरसाइकिल गायब मिली। दूसरे मामले में चत्तरगढ़पट्टी निवासी रमेश कुमार ने बताया कि वह कोर्ट परिसर में 6 अप्रेल की दोपहर किसी काम से गया था।

तिलोकेवाला से एक व्यक्ति अवैध शराब सहित दबोचा

सिरसा। सीआईए डबवाली पुलिस टीम ने गांव तिलोकेवाला से एक व्यक्ति को दस बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम गांव तिलोकेवाला के समीप गश्त पर थी। इस दौरान एक युवक नजर आया जिसके पास प्लास्टिक की कैनी थी। शक के आधार पर पुलिस ने उसे रूकवाकर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 10 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान जगजीत सिंह निवासी तिलोकेवाला के रूप में हुई है।

डबवाली में निष्काम द्वारा भजन संध्या आज

डबवाली। नव संवत और चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर सनातन धर्म को समर्पित संस्था निष्काम द्वारा 9 अप्रैल को राजीव नगर में स्थित श्री शीतला माता मंदिर कम्युनिटी हॉल में शाम 4 बजे से 6 बजे तक भजन संध्या व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए निष्काम के अध्यक्ष राजीव वढेरा ने बताया कि डबवाली के प्रसिद्ध व्यापारी सतीश पाहुजा, अशोक पाहुजा और अनिल सिंगला बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में उपस्थित होंगे।

बुजुर्ग महिला की बालियां छीनकर भागा युवक

फतेहाबाद। लाजपत नगर में मंदिर के लिए निकली एक बुजुर्ग महिला के कानों से अज्ञात युवक सोने की बालियां छीनकर फरार हो गया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में लाजपत नगर फतेहाबाद निवासी बुजुर्ग महिला प्रकाश देवी ने कहा है कि दोपहर को वह अपने घर से बाहर मंदिर जाने के लिए निकली थी।

अवशेषों को जलाने पर जिलाधीश ने लगाया प्रतिबंध

फतेहाबाद। जिलाधीश राहुल नरवाल ने भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला फतेहाबाद में तुरंत प्रभाव से गेहूं की फसल की कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों को जलाने पर प्रतिबंध लगाया है। इसके अतिरिक्त सभी कंबाइन हारवेस्टर मशीन के मालिकों को आदेश दिए है कि वे गेहूं की फसल की कटाई के दौरान अपनी कंबाइन हारवेस्टर मशीनों में सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (एसएसएमएस) लगवाना सुनिश्चित करें।

इंस्पेक्टर जब तक माफी नहीं मांगेंगे, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं होगा

खालिस्तानी कहने पर भड़के किसानों ने थाने का किया घेराव

किसानों ने नारेबाजी कर विरोध प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भूना

किसानों को खालिस्तानी कहने वाले इंस्पेक्टर रामपाल के खिलाफ पुलिस में दी गई शिकायत पर कोई कानूनी कार्रवाई नही किए जाने पर पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन ने सोमवार को पुलिस स्टेशन भूना के मुख्य गेट पर विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के मुखिया मनदीप सिंह नथवान मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए, जबकि संचालन पगड़ी संभाल जट्टा संगठन फतेहाबाद के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मंडा ने किया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस थाने के बाहर शासन प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए और दिनभर धरना देकर रोष प्रकट किया। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश मंडा ने प्रदर्शन के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इंस्पेक्टर रामपाल ने मेरे घर जाकर पारिवारिक महिला सदस्यों को कहा कि प्रधान ओमप्रकाश को किसान आंदोलन में जाने से रोक लो,

फतेहाबाद। भूना थाने के बाहर प्रदर्शन करते किसान।

क्योंकि वे किसान आंदोलन की आड़ में खालिस्तानी लोगों को समर्थन कर रहे है, इसलिए उन्हें ऐसे किसान आंदोलन से दूरी बनानी चाहिए। ओमप्रकाश मंडा ने कहा कि ऐसा कहने पर मेरी छवि धूमिल की गई है, इसलिए हमने 17 मार्च को इंस्पेक्टर के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस में शिकायत दी थी, जिस पर कोई उचित कार्रवाई नही हुई है, इसलिए मंगलवार के दिन संगठन ने पुलिस स्टेशन भूना का घेराव और दिनभर घरना देकर विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया था। उसी को लेकर किसानों को खालिस्तानी भाषा की संज्ञा देने वाले इंस्पेक्टर पर कार्रवाई को मांग कर लेकर धरना दिया गया। मनदीप नथवान ने कहा कि पुलिस ने अभी तक उनकी शिकायत पर कोई भी नियमानुसार कानूनी कार्रवाई इंस्पेक्टर रामपाल के विरुद्ध नही की गई, इसलिए अब आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ा। उन्होंने कहा कि किसानों को खालिस्तानी संज्ञा देने वाले इंस्पेक्टर जब तक माफी नहीं मांगेंगे तब तक उनका आंदोलन समाप्त नही होगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान कमल सिंह बराड़, मांगे राम मेहड़ा, राजेंद्र नेहरा लहरिया, निहाल सिंह बिश्नोई, मिठू सिंह, सुखा पंडाल दिगोह, राममेहर सिवाच, राधेश्याम व तेलू राम चंद्रावल, महेंद्र सिंह बेनीवाल, सुरेश कुमार हसंगा, जयबीर सिवाच गोरखपुर, महावीर सिंह, गुरदयाल कंबोज, जयपाल सिंह ढाणी भोजराज, अंग्रेज सिंह डूल्ट, रघुवीर सिंह सिहाग, रमेश कुमार, बीर सिंह मेचू, महावीर सिंह, नंदा गोरखपुर, दविंदर सिंह,महेंद्र सिंह, प्रेम कुमार जाखड़, जिले सिंह आदि मौजूद थे। दूसरी तरफ इंस्पेक्टर रामपाल ने स्पष्ट किया कि उन्होंने किसी भी व्यक्ति के सामने किसानों को खालिस्तानी शब्द नही कहे और वह भी एक किसान परिवार का एक हिस्सा है।

किसानों की आय दोगुणा करने को सरकार संकल्पबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देवकुमार शर्मा अग्रवाल सभा सिरसा के प्रधान गौरव गोयल के प्रतिष्ठान पर पहुंचे। गौरव गोयल ने उनका यहां पहुंचने पर स्वागत किया। देवकुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि किसानों की आय को दोगुणा करना है। इसके लिए सबसे पहले जरूरी है किसानों को अच्छा बीज मिले। शर्मा ने कहा कि किसानों को अच्छा बीज मिलेगा तो पैदावार बढ़ेगी और किसान खुशहाल होगा तो व्यापारी वर्ग भी खुशहाल होगा। शर्मा ने कहा कि उन्होंने अधिकारियों से भी इस संबंध

सिरसा। हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देवकुमार शर्मा का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

में बातचीत की है कि बेहतर क्वालिटी के बीज के लिए बीज भंडार गृहों में किस प्रकार के सुधार किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषि मंत्री से बातचीत कर बाहर से भी बेहतर क्वालिटी का बीज मंगवाया जा सकता है। शर्मा ने कहा कि बेहतर बीजोपचार के लिए प्रदेशभर में किसान गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी, जिनमें कृषि एक्सपर्ट को बुलाकर बीजोपचार पर चर्चा की जाएगी।

दो युवक 70 ग्राम हेरोइन सहित काबू

डबवाली। पुलिस जिला डबवाली की एएनसी स्टाफ टीम ने डबवाली से 70 ग्राम हेरोइन सहित बाइक सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एएनसी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक रणजोध सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान उन्हें दो व्यक्ति बाइक पर आते नजर आए। शक के आधार पर पुलिस टीम ने उन्हें रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 70 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपियों की पहचान संजय कुमार निवासी वार्ड नंबर 3 डबवाली व गगनदीप निवासी देसुजोधा के रूप में हुई है। थाना शहर डबवाली में आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्जकर जांच शुरु की गई है।

सिरसा के गुरजाप सिंह ने जीता स्वर्ण पदक

सिरसा। नई दिल्ली में आयोजित मिस्टर इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिव में सिरसा के गुरजाप सिंह ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए चौथी बार मिस्टर इंडिया पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। गुरजाप सिंह ने बताया कि उसकी शुरू से ही स्पोर्ट्स में खासी रूचि थी। 2021 से उसने पावर लिफ्टिंग शुरू की और कोच रवि परोचा के सान्निध्य में प्रशिक्षण ले रहा है। गुरजाप के कोच रवि परोचा ने बताया कि गुरजाप पावर लिफ्टिंग के प्रति समर्पित है। उसमें गजब की प्रतिभा है। उन्होंने बताया कि अब तक वह चार बार मिस्टर इंडिया पावर लिफ्टिंग चैंपियन का खिताब जीत चुका है।

एडीसी ने किया कार्यालयों का निरीक्षण

- कार्यालयों में सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने सोमवार को जिला मुख्यालय के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया और कार्यालयों में सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया तथा कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टर भी चैक किए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग, उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त बिक्रीकर व आबकारी विभाग, मत्स्य विभाग, होमगार्ड, श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण ईकाई आदि कार्यालयों का निरीक्षण

सिरसा। कार्यालयों का निरीक्षण करते एडीसी डॉ. विवेक भारती।

किया। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी समय पर कार्यालयों में पहुंचे और अपना कार्य पूरी निष्ठा व ईमानदारी से करें ताकि कार्यालयों में आने वाले लोगों को कोई असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि कार्यालय के कार्यों में किसी भी प्रकार की लेटलतीफी और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को कार्यालय में समय पर आने व जनसमस्याओं का तत्परता से निवारण करने के निर्देश दिए।

मुरादाबाद यूनिवर्सिटी का नाम गुरू जम्भेश्वर के नाम पर रखने पर समाज में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा मुरादाबाद यूनिवर्सिटी का नाम गुरू जम्भेश्वर भगवान के नाम पर रखने पर फतेहाबाद के प्रमुख समाजसेवी एवं स्वास्तिक एनजीओ के अध्यक्ष अनिल ज्याणी ने आभार जताया है। भगवान जम्भेश्वर जी महाराज के अष्टधाम में से एक लोदीपुर धाम में चैत्र अमावस्या पर मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अनिल ज्याणी ने बतौर विशिष्ट कार्यक्रम भाग लिया था वहीं कार्यक्रम के मुख्यअतिथि यूपी भाजपा के प्रदेश

फतेहाबाद। लोदीपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में यूपी भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष को सम्मानित करते फतेहाबाद के प्रमुख समाजसेवी अनिल ज्याणी।

अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी थे। अनिल ज्याणी ने बताया कि मुरादाबाद में गुरू जम्भेश्वर जी के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना से समाज के लोगों में खुशी का माहौल है। समाज के लोग लंबे समय से यहां गुरू जम्भेश्वर जी के नाम से विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग कर रहे थे। लोदीपुर धाम में आयोजित मेले के अवसर पर समाज के लोगों द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई वहीं रात्रि में स्वामी प्रणवानंद जी महाराज द्वारा भव्य जम्भ जागरण किया गया। प्रातः काल हवन पाहल किया गया। इस भव्य समारोह में बिश्नोई समाज से भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। हरियाणा से समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए अनिल ज्याणी ने यूपी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और गुरू जम्भेश्वर जी के नाम पर यूनिवर्सिटी का नामकरण करने का आभार प्रकट किया। इसके अलावा ममता ज्याणी ने मुरादाबाद की जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान यूपी भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी सलील बिश्नोई, जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, अमित बिश्नोई पहलवान, अश्वनी जाखड़, चंद्रकान्त त्यागी, ठाकुर दीपांशु, अर्पित बिश्नोई, विशाल चौहान, सुरेंद्र सिंह बिश्नोई सहित समाज के हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

सीएम की रैली तोड़ेगी सारे रिकार्ड : भीम लाम्बा

- सीएम की फतेहाबाद रैली को लेकर किसान मोर्चा भट्टू मंडल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

सिरसा लोकसभा चुनावों को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 11 अप्रैल को फतेहाबाद अनाज मण्डी में भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा को लेकर भाजपा किसान मोर्चा द्वारा जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है।

भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष भीम लाम्बा ने सोमवार को भट्टू मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक

फतेहाबाद। सीएम रैली को लेकर भट्टू मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक लेते भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भीम लाम्बा।

ली और जनसभा में भट्टू क्षेत्र से लोगों की रिकार्ड भागीदारी को लेकर कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लोगों को रैली में लेकर जाने को लेकर किए जा रहे प्रबंधों की भी जानकारी ली। सीएम की फतेहाबाद रैली को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह दिखा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भीम लाम्बा ने कहा कि लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अगुवाई में जोर-शोर से प्रचार अभियान में जुटी है। भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी दलों को हार का डर सता रहा है। यही कारण है कि अभी तक वह अपने उम्मीदवार तक घोषित नहीं कर पाया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जोर-शोर से प्रचार अभियान में जुटने का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत ही इस बार सिरसा लोकसभा सीट से भाजपा जीत का नया रिकार्ड कायम करेगी। प्रदेश की जनता एक-एक वोट भाजपा को देकर पीएम नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर मोहर लगाने का काम करेगी।

क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते दो आरोपी दबोचे

ऐलनाबाद। ऐलनाबाद थाना पुलिस ने आईपीएल-20 मैच के दौरान मुंबई इंडियन तथा दिल्ली कैपिटल के बीच खेले गए मैच पर क्रिकेट सट्टा लगाते हुए वार्ड नंबर 17 से दो लोगों को काबू किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गौरव निवासी वार्ड नंबर 17 तथा दिलीप कुमार निवासी वार्ड नंबर 16 कस्बा ऐलनबाद जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके से एक लैपटॉप, एक एलइडी, एक टैब, एक वाई-फाई, एक स्विच बोर्ड, विभिन्न कंपनियों के करीब 20 मोबाइल फोन तथा क्रिकेट के लेखा-जोखा की एक नोटबुक सहित काफी मात्रा में सामान भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ ऐलनाबाद थाना में जुआ अधिनियम तथा आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

शॉर्ट-सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग

सिरसा। झोपड़ा रोड पर गांव मीरपुर के नरवैल सिंह के खेतों में गेहूं की तैयार खड़ी फसल में शॉर्ट-सर्किट से आग लग गई। गनीमत रही की आसपास के लोगों ने तुरंत बिजली की लाइन बंद करवाकर पानी से आग को बुझा दिया। आगजनी में करीब दो कनाल गेहूं की फसल खराब हो गई। जानकारी देते हुए नरवैल सिंह ने बताया कि उनकी झोंपड़ा रोड पर जमीन पड़ती है, जिसमें गेहूं की काश्त की हुई है। उन्होंने बताया कि उनके खेतों से एयरफोर्स को जाने वाली 11 केवी की लाइन गुजरती है। इस लाइन के पोल भी खस्ताहाल में है और तारें भी लटकी हुई है, जिसके कारण हर साल उन्हें इस समस्या से जूझना पड़ता है। पंजुआना की ओर से भी एक लाइन यहां से गुजरती है, लेकिन वो लाइन बंद थी। नरवैल सिंह ने कहा कि कई बार समस्या को लेकर अधिकारियों को अवगत करवाया गया, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि शॉर्ट-सर्किट के कारण दोपहर को फसल में आग लग गई। ये तो गनीमत रही कि अभी फसल में थोड़ी नमी थी, जिसके कारण आग जल्दी नहीं भड़की, अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता था।

मीनू बैनीवाल भाजपा में होंगे शामिल

- सीएम नायब सिंह सैनी और पूर्व सीएम मनोहर लाल की मौजूदगी में थामेंगे भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चोपटा

समाजसेवी कप्तान मीनू बैनीवाल आगामी 10 अप्रैल को भाजपा में शामिल होंगे। कालांवाली हलके के रोड़ी गांव में होने वाली रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में कप्तान मीनू बैनीवाल भाजपा में शामिल होंगे। आज तरकांवाली में अपने आवास पर कप्तान मीनू बैनीवाल ने अपने साथियों के साथ बैठक की। इस बैठक में समर्थकों के साथ रायशुमारी कर उन्होंने भाजपा में शामिल होने का ऐलान

सिरसा। समर्थकों के साथ बैठक करते मीनू बैनीवाल।

किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से वह प्रभावित हैं और अब पार्टी में शामिल होकर सेवा करना चाहते हैं। समर्थकों ने भी कप्तान मीनू बैनीवाल के फैसले का समर्थन किया। मीनू बैनीवाल एक समाजसेवी के रूप में अपनी पहचान रखते हैं और चुनाव प्रबंधन में उनका लंबा अनुभव है। अक्तूबर 2022 में हुए आदमपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी भव्य बिश्नोई के लिए उनकी प्रभावी भूमिका रही थी और भव्य ने कांग्रेस के जयप्रकाश जेपी को करीब 15 हजार वोटों के अंतर से पराजित किया था।

सड़कों पर बिखरा है धान और भूसा, कैसे आएगी गेहूं

फतेहाबाद में अनाज मंडी धान से अटी दिखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

गेहूं का सीजन सिर पर होने के बावजूद अनाज मंडी धान व उसके भूसे से अटी है। हालात यह हैं कि आजकल में यदि गेहूं मंडी में आई तो उसे रखने के लिए जगह नहीं है। सिरसा रोड पर स्थित अतिरिक्त अनाज मण्डी में तो अभी तक न तो पेयजल की व्यवस्था है और न ही कैंटीन की व्यवस्था की गई है। मार्किट कमेटी प्रशासन का दावा है कि जब तक गेहूं आएगा, तब तक मण्डी की सफाई हो जाएगी। उधर

फतेहाबाद। अनाज मंडी शैड के नीचे पड़ी धान की ढेरियां, अनाज मण्डी में सड़कों पर फैला भूसा, अतिरिक्त अनाज मण्डी में बंद पड़ी कैंटीन।

व्यापार मंडल ने कहा कि अगले सप्ताह तक मंडी में धान उत्पादक किसानों को धान लाने के लिए मना कर दिया जाएगा। प्रदेश सरकार की ओर से गेहूं की सरकारी खरीद 1 अप्रैल से शुरू हो चुकी है। खाद्य एवं पूर्ति विभाग ने इसके लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी है, जिसमें जिले की 7 मण्डियों व 45 खरीद केन्द्रों पर गेहूं की खरीद होगी। फतेहाबाद में अभी गेहूं आने में 2-4 दिन का समय लग सकता है लेकिन बात करें मार्किट कमेटी प्रशासन की तो अभी तक भट्टू रोड स्थित अनाज मण्डी में धान की आवक हो रही है।

हरिभूमि
रोहतक,मंगलवार
9 अप्रैल 2024

सहेली

चैत्र नवरात्र विशेष

चैत्र नवरात्र वसंत के समय आता है, ऐसे में जहां प्राकृतिक परिवर्तन पुराने आवरण को त्यागकर नएपन को वरण करने का संदेश देता है, वहीं मां शक्तिस्वरूपा की पूजा-अर्चना से मन में व्याप्त दुर्बलता को मिटाने, नवशक्ति-नवऊर्जा के आह्वान की कामना का शुभ अवसर भी प्राप्त होता है। इसीलिए स्त्रियां इस पावन अवसर पर पूरी आस्था से मां भगवती की आराधना करती हैं, अपने और अपनों के जीवन में नवचेतना का संचार करती हैं।

मन की शक्ति जुटाने का पावन पर्व

आवरण कथा / डॉ. मोनिका शर्मा

प्रकृति के नएपन और उल्लास के बीच चैत्र नवरात्र, मन में नव ऊर्जा जगाने का माध्यम बनते हैं। नव उल्लास लिए आस्था के ये नौ दिन मां शक्ति को साधने का अवसर तो हैं ही, स्वयं अपने मनोबल को जुटाने के दिन भी हैं। ईश्वरीय आस्था की ओज और मन का बल पाने के इन उत्सवीय दिनों को स्त्रियां बेहद प्रेम और उत्साह के साथ मनाती हैं। उपवास, अनुष्ठान, अपनों की कुशलता की कामना और मां आदिशक्ति की उपासना। सब कुछ मन से जुड़ा सा। अपनेपन को पोसता सा। कठिनाइयों पर जीत और सुख के दौर में संयमित रहने की चाह लिए। नवरात्र में स्त्रियां, मां भगवती से हर जद्दोजहद, हर परिस्थिति में विजयी होने का आशीष मांगती हैं।

मन का सकारात्मक रुख

नवरात्र में मां दुर्गा की विशेष पूजा-अर्चना करने से सुख और समृद्धि की प्राप्ति होती है, यह मान्यता भर नहीं है। इन नौ दिनों में मन सचमुच सकारात्मक रुख अपना लेता है। उपासना के नियम जीवन में अनुशासन ले आते हैं। घर में सकारात्मक ऊर्जा दस्तक देती है। सब कुछ अच्छा होने का विश्वास प्रबल होता है। खिले-खिले प्राकृतिक परिवेश में यह महापर्व आस्था और विश्वास के जरिए मन की असीम शक्तियों से मिलवाता है। महिलाएं, नव पल्लवों से सज रहे कुदरत के पोर-पोर और इठलाती धरा के इस मौसम में उल्लासमयी ऊर्जा और सकारात्मक सोच पाने का आह्वान करती हैं। आस-पड़ोस की स्त्रियां मिलकर भी कई साझे अनुष्ठान करती हैं। घर-परिवार के साथ-साथ परिवेश और समाज की खुशहाली की भी कामना करती हैं। स्त्रीमन में मौजूद यह साझा भाव मां शक्ति के और करीब ले जाता है। महादेवी की उपासना के इस पर्व को मनाते हुए उनका मन प्रफुल्लता, स्फूर्ति और तेजस्विता से भर उठता है। असल में जीवन के हर पक्ष पर मौजूद परिस्थितियां महिलाओं को गहराई से प्रभावित करती हैं। यही वजह है कि उनकी आस्था भी साझे सरोकार से जुड़ी होती है।

नई शुरुआत का अवसर

चैत्र नवरात्र से ही हिंदू नव वर्ष, नवसंवत्सर की शुरुआत होती है। नव वर्ष की शुरुआत का यह दिन सृष्टि के आरंभ का भी दिन माना जाता है। इस समय प्रकृति भी मन जीवन की नई चेतना जगाने का संदेश देती नजर आती है। पेड़ों पर फूटती कोपलें समझाती हैं कि पतझड़ के बाद नयापन भी दस्तक देता है। जीवन के इन बदलते रंगों को स्त्रियां बखूबी समझती हैं। कभी मन का हरापन तो कभी हालात का रूखापन। कभी रिश्तों की बदलती परिभाषा तो कभी समाज के सख्त बंधन। माता-पिता का घर छोड़ अपनी गृहस्थी बसाने से लेकर प्रसव पीड़ा झेलकर नया जीवन पाने तक, महिलाएं जीवन में कई बार नई शुरुआत करती हैं। नएपन के प्रति मन में सहज स्वीकार्यता रखती हैं। मौसम की बदलती करवट के साथ आने वाला माता भगवती के पूजन का यह उत्सव भी मन-

जीवन को नएपन से जोड़ता है। जड़ता और ठहराव को दूर करती ऊर्जा का संचार करते वासंतिक नवरात्र, चेतना और सजगता के साथ नई शुरुआत करने का संदेश देते हैं। स्त्रियां भी उम्र और परिस्थितियों के मुताबिक माता दुर्गा से नई शुरुआत की दिशा में आगे बढ़ने और जागृत सोच को व्यावहारिक धरातल पर उतारने का मानसिक बल और आशीष मांगती हैं।

मन-जीवन के धरातल से जुड़ा पक्ष

स्त्रियों की सोच और बर्ताव दोनों जीवन के व्यावहारिक पक्ष से जुड़े होते हैं। उनकी यह समझ समाज और परिवार की धुरी है। जीवन को वास्तविक धरातल पर पोसती है। समझना जरूरी है कि नवरात्र का पर्व सिर्फ धार्मिक आस्था से ही नहीं, जीवन के बहुत से व्यावहारिक पहलुओं से भी जुड़ा है। नौ दिन के उत्सवीय अनुष्ठान के पीछे वैज्ञानिक चिंतन लिए तार्किक पक्ष भी शामिल है। *'सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्रयम्बके गौरी नारायणी नमोस्तुते'* यानी 'हे मां आप सब कुछ शुभ करने वाली हैं, आप कल्याणकारी हैं, आप सबके मनोरथों को पूरा करने वाली हैं, आप शरण ग्रहण करने योग्य हैं। हे नारायणी आपको हमारा प्रणाम हैं।' इस मंत्र के कल्याणकारी भाव का वास्तविक रूप जीवन में देखने को मिलता है। हर साल ऋतु परिवर्तन के इस समय कई तरह के मौसमी रोग फैलते हैं। नवरात्र में खान-पान का अनुशासन और सबकी कुशल कामना से जुड़ा आस्था का भाव इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है। प्रार्थना, जप और ध्यान हर इंसान को भय, अवसाद, कटुता और नकारात्मक विचारों से दूर रखते हैं। सात्विक आहार, उपवास और सधी दिनचर्या शरीर और मन को विषमुक्त करती है। विचार और व्यवहार का यह अनुशासन इस मौसमी बदलाव के दौर में भी स्वस्थ और सक्रिय रहने की ऊर्जा देता है। ऐसी स्थितियां हर मनोरथ को पूरा करने वाली परिस्थितियां बनाती हैं। सभी के लिए कल्याणकारी साबित होती हैं।

हौसला जुटाने का अनुष्ठान

मां के रूप में स्वयं महिलाओं को भी अपने बच्चों को हिम्मत के साथ जीना सिखाना होता है। परिस्थितियों से जूझने का पाठ पढ़ाना होता है। ऐसे में इस महापर्व पर आस्था और विश्वास से भरे मन की असीम शक्तियों को साधते हुए महिलाएं जीवन रण में जीतने का आशीर्वाद भी मांगती हैं। सब कुछ संभालते स्वयं को बचाए रखने का बल जुटाती हैं। नया रचने, सीखने और समझने के कामों से जुड़े रहने की चाह रखने वाली स्त्रियां जीवन के हर मोर्चे पर खुद को साबित करने का हौसला चाहती हैं। दायित्वों के निर्वहन की भाग-दौड़ में अधिकतर स्त्रियां अपनी शक्ति को भुला बैठती हैं। अपने ही गुणों की उपेक्षा करती हैं। संबंधों को सहेजने के लिए उनका संवेदनशील मन झुकना-सहना सीख जाता है। दुखद है कि कई बार इन मानवीय गुणों का मोल नहीं समझा जाता। ऐसे में स्वयं के लिए लड़ने की दरकार होती है। नकारात्मकता का प्रतिकार आवश्यक हो जाता है। अपनी शक्ति को समझने का जतन जरूरी लगने लगता है। महिलाएं, मां भगवती से अपने इसी सामर्थ्य को पहचानने का वर मांगती हैं। मान्यता है कि नवरात्र में मां शक्ति की पूजा कर प्रभु श्रीराम ने भी शक्ति जाग्रत की थी। यही कारण है कि मां गौरी की उपासना का यह उत्सव आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व तो है ही, अपने सामर्थ्य को पहचानने का पावन अनुष्ठान भी है।

आत्मसम्मान के साथ हासिल करें अपना मुकाम



आप घरेलू महिला हों या कामकाजी, अपना स्वाभिमान-आत्मसम्मान बनाकर रखिए। इसके लिए जरूरी नहीं कि आप मुखर हों, सबसे बहस करें। अपनी समझदारी और विनम्रता से आप सबके बीच सम्मान पा सकती हैं, अपनी सफलता की राहें बना सकती हैं।

आत्मप्रेरणा / शिखर चंद जैन

कई महिलाएं अच्छी-खासी पढ़ी-लिखी और काबिल होती हैं, लेकिन अकसर अपने परिवार, अपनी सोसायटी और वर्कप्लेस पर लोगों के सामने दबी-सहमी सी रहती हैं। ये महिलाएं 'लो' फील करती हैं, दूसरों के सामने कुछ कहने में हिचकती हैं। इन्हें लगता है कि अपने विचार रखने पर कहीं उनकी छवि मुंहफट या झगड़ालू महिला की न बन जाए। यहां यह भी समझना होगा कि अगर आप यह सोचती हैं कि अपने स्वाभिमान-आत्मसम्मान और अस्तित्व को बनाए रखने के लिए मुखर होने, लड़ाई-झगड़े करने या शोर मचाने की जरूरत होती है, तो ऐसा कुछ नहीं है। आप कुछ बातों का ध्यान रखकर विनम्रता के साथ अपना आत्मसम्मान बनाए रख सकती हैं, स्ट्रॉन्ग और सक्सेसफुल वूमेन बन सकती हैं।

खुद को न समझें कमतर: अकसर होममेकर या वर्किंग वूमेन भी खुद को कमतर आंकती हैं। चाहे हॉबी हो या खान-पान की पसंद, अपनी च्वाइस को दरकिनार कर अपने परिवार के सदस्यों की पसंद को ही महत्व देती हैं। कभी-कभी ऐसा करना व्यावहारिक भी है और उचित भी। लेकिन अगर आप हमेशा कंप्रोमाइज करके अपनी पसंद की कुर्बानी देती रहेंगी तो धीरे-धीरे घर के दूसरे लोग आपको 'टेकेन फॉर ग्रांटेड' लेंगे और वे सिर्फ अपने बारे में सोचेंगे। जाहिर है, तब आपकी पसंद-नापसंद के बारे में न कोई पूछेगा और न ही उसे खास तवज्जो देगा। इससे आप अपने आपको अपमानित और उपेक्षित महसूस करेंगी।

कंफर्ट जोन में रहने की आदत छोड़ें: याद रखें, कामयाबी की राह कभी आसान नहीं होती। अगर आपको आगे बढ़ना है, समाज-परिवार में सम्मान पाना है, तो आराम और सुविधा से ही सब कुछ हासिल करने के प्रयास आपके लिए नुकसानदायक होंगे। हमेशा कंफर्ट सिचुएशन में रहने की बजाय आपको उन कामों के लिए मेहनत करनी होगी, जिनसे आप आगे चलकर मजबूत बनें और खुद को स्थापित कर सकें। इसके लिए आपको क्रिएटिव और मेहनती बनना होगा, आगे बढ़कर लोगों के बीच अपनी पहचान कायम करनी होगी।

अपने प्रियजनों का रखें ध्यान: कई बार हम अतिरेक में या ओवर कॉन्फिडेंस में ऐसे लोगों की उपेक्षा करने लगते हैं, जो हमारी जिंदगी में अहम जगह रखते हैं। अपने नजदीकी संबंधियों और मित्रों को कभी नजरअंदाज न करें। ये लोग ही आपके अच्छे और बुरे समय में आपके साथ आकर खड़े होंगे। ये आपके सपोर्ट सिस्टम का खास हिस्सा होते हैं, यही आपको सही सलाह देते हैं। इसलिए जिंदगी में आगे बढ़ते रहने के लिए अपने रिश्ते मजबूत रखने जरूरी हैं।

अपने अंतर्मन की सुनें: अगर किसी सिचुएशन या व्यक्ति के बारे में आपका दिल कुछ कहता है, तो अपने दिल की बात सुनें। अंतर्मन की आवाज कभी गलत नहीं होती, आपको उस पर पूरा भरोसा करना चाहिए। जब आप खुद पर यकीन करना सीख जाएंगी, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ जाएगा, दूसरे लोग भी आप पर यकीन करेंगे।

वित्तीय मामलों में रहें आत्मनिर्भर

आप घरेलू महिला हैं, आपको छोटे-छोटे खर्चों के लिए घर के पुरुष सदस्यों के सामने हाथ फैलाना पड़ता है, तो सबसे पहले इस स्थिति से बाहर निकलें। यदि आपको घर के काम से जरा भी फुर्सत नहीं मिलती है तो खुलकर कह दें कि आपको हर महीने एक निश्चित रकम पति या बेटा बिना मांगे दें। यदि ऐसा नहीं हो तो आप घर के कुछ काम दूसरों के जिम्मे सौंपकर अपना आत्मसम्मान बनाए रखने के लिए अपनी आय के स्रोत बनाकर वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनें। भले ही आप कोई फुलटाइम जॉब न करें, लेकिन कम से कम इतना जरूर करें, जिससे आपकी नियमित आय हो, इससे आपके छोटे-मोटे खर्चे पूरे होंगे। ऐसा कोई भी काम आप घर से भी कर सकती हैं।

नवरात्र के दौरान कई लोग पूरे नौ दिन व्रत रखते हैं। अगर आप भी व्रत रख रही हैं तो इस दौरान अपनी डाइट का पूरा ध्यान रखना होगा, ताकि किसी तरह की स्वास्थ्य समस्या का आपको सामना न करना पड़े।

व्रत के दौरान रखें अपनी डाइट का ध्यान

डाइट सजेशन
आशु गुप्ता, डाइटीशियन

नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के साथ ही आप व्रत भी जरूर रखेंगी। लेकिन अगर आप पूरे नौ दिनों तक व्रत रखने वाली हैं तो आपको अपने स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना होगा, इसके लिए व्रत के दौरान आपको सही और पौष्टिक आहार लेना चाहिए। इससे आपको डाइजेशन संबंधी कोई परेशानी नहीं होगी और आप हेल्दी और एनर्जेटिक भी महसूस करेंगी। व्रत के दौरान कैसी हो आपकी डाइट, आपके लिए जरूरी सजेशन-

डेयरी प्रोडक्ट्स : नवरात्रों के दौरान व्रत में खाने योग्य कई तरह के स्नैक्स मार्केट में मिलने लगते हैं। लेकिन इनमें से कई स्नैक्स हेल्थ के लिए फायदेमंद नहीं होते हैं। इनके बजाय आप डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन कर सकती हैं। आप दही खा सकती हैं या दूध पी सकती हैं, इससे आपको व्रत में पाचन संबंधी परेशानी नहीं होगी। कुछ लोग दूध का शेक बनाकर पी लेते हैं। इससे बहुत ज्यादा कैलोरी इनटेक होने की वजह से आपको लूज मोशन होने की आशंका रहती है। इसलिए इसके बजाय सादा गुनगुना दूध ही पिएं।

खूब पानी पिएं : मौसम में बढ़ती गर्मी को देखते हुए आपको व्रत के दौरान पानी की उचित मात्रा पीने की आवश्यकता होती है। इसलिए आप पूरे दिन में दो से तीन लीटर पानी जरूर पिएं। इससे आपकी बॉडी हाइड्रेट रहेगी और पानी की कमी की वजह से होने वाली प्रॉब्लम्स से आप बची रहेंगी। व्रत में बॉडी हाइड्रेट रहती है तो शरीर को ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता है।

ड्राय फ्रूट्स : आप जानती ही होंगी कि सूखे मेवे यानी ड्राय फ्रूट्स में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो शरीर को हेल्दी रखने में बहुत सहायक होते हैं। इसलिए व्रत के दौरान आप ड्राय फ्रूट्स भी खा सकती हैं। लेकिन ध्यान रहे कि आप मेवों को सूखा न खाकर इन्हें कुछ देर के लिए पानी में भिगोने के बाद खाएं। सूखे मेवे शरीर में ड्रायनेस बढ़ा देते हैं लेकिन जब आप इन्हें भिगोकर खाती हैं तो इनकी तासीर बदल जाती है और ये ज्यादा फायदेमंद साबित होते हैं।

फ्रूट्स-वेजिटेबल्स: अगर आप नवरात्र में पूरे नौ दिन व्रत रखने वाली हैं तो इस बात का ध्यान रखना होगा कि इस दौरान शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी न हो जाए। इसके लिए व्रत के दौरान आपको फल और सब्जियों का सेवन करते रहना चाहिए। फलों में खरबूजा और तरबूज आप खा सकती हैं। अगर आप इनको खाएंगी तो आपके शरीर में पानी की कमी पूरी होने के साथ आपका पेट भरा हुआ महसूस होगा। इनके अलावा आप अन्य फलों जैसे सेब, अंगूर, संतरा या केले का भी सेवन कर सकती हैं। इसी तरह आप सलाद भी खा सकती हैं। एक प्लेट ताजी सब्जियों का सलाद आपके लिए बहुत फायदेमंद होगा। इसमें मौजूद पोषक तत्वों की वजह से आपको कमजोरी नहीं महसूस होगी। सलाद में आप खीरा, टमाटर, चुकंदर, ककड़ी, गाजर आदि खा सकती हैं। अगर आप कुछ चटपटा खाना चाहती हैं तो फलों और सब्जियों की चाट बनाकर भी खा सकती हैं।

प्रस्तुति:निधि गोयल

परवरिश / सरस्वती रमेश

बेटियों को सशक्त बनाना ही है असली कन्या पूजन

नवरात्र में हम कन्या पूजन कर बेटियों को सम्मान देते हैं। लेकिन क्या इस तरह सिर्फ सम्मान कर देना काफी है? या इस असुरक्षित समय में अपनी बेटियों, परिवार, पड़ोस की बच्चियों को मां दुर्गा के समान ही शक्ति-पुंज बनाने की जरूरत है? निश्चित ही बेटियों को सशक्त बनने की जरूरत है। इसके लिए हमें रखना होगा कुछ बातों का विशेष ध्यान-

भेदभाव न करें: हमारे घर-परिवार और समाज में बेटे-बेटी की परवरिश में आज भी भेद किया जाता है। बेटा है तो क्रिकेट, फुटबॉल खेलने बाहर जाएगा। बेटी है तो घर के अंदर ही गुड्डे-गुड़ियों से खेलेगी। समाज की एक और सोच लड़कियों को फिजिकली फिट रहने से रोकती है। यह सोच है उछल-कूद करने वाली, दौड़ने-भागने वाली लड़कियां अच्छी नहीं मानी जातीं। इसी सोच के चलते कठोर और आसान कार्यों के बीच विभाजन हुआ और लड़कियों को बचपन से ही चूल्हा-चौके की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार किया जाने लगता है। इस तरह बचपन से ही लड़कियों का शारीरिक विकास अवरुद्ध होने लगता है। साथ ही वो बाहरी दुनिया से बिल्कुल कट जाती हैं। अब ये स्थितियां बदल रही हैं, लेकिन अभी मंजिल बहुत दूर है। इस बार नवरात्र में जब कन्या पूजन करें तो अपनी बच्चियों को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने का भी प्रण लें। ताकि वे आस-पास फटकने वाले खतरों से निपटने के लिए शारीरिक रूप से सक्षम बनें।

शिक्षा से सशक्तिकरण: एक शिक्षित स्त्री अपने भीतर की शक्तियों को अच्छे से पहचान कर घर-परिवार, समाज के विकास में योगदान देती है। अपने अधिकारों और कर्तव्यों को भली प्रकार जानती है। इसलिए कन्या पूजन के साथ कन्या शिक्षण भी जरूरी है। अपनी बेटियों को शिक्षित कर आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएं।

लोगों को परखना सिखाएं: जहां अच्छाई है, वहां बुराई भी होगी। लेकिन बुराई से डरकर अपनी बच्चियों को घरों में कैद कर लेना बुद्धिमानी नहीं है। उन्हें बुराई की पहचान करने के लिए जागरूक बनाना होगा। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना होगा। जिस तरह मां दुर्गा ने बुराई का अंत करने के लिए त्रिशूल उठाया, इसी तरह हमें अपनी बेटियों को भी आत्मरक्षा के लिए साहस, शक्ति का हथियार चलाने की सीख देनी होगी।

जब हम इन बातों को ध्यान में रखकर अपनी बेटियों की परवरिश करेंगे, तभी सार्थक होगा शक्ति का पूजन और कन्या पूजन।

रेसिपी
ओम प्रकाश गुप्ता

आज से चैत्र नवरात्र आरंभ हो रहे हैं। आपने आज व्रत रखा होगा और आने वाले दिनों में भी व्रत रखेंगी। इसीलिए इस बार हम आपको व्रत के दौरान खाने के लिए कुछ पौष्टिक-स्वादिष्ट फलाहार व्यंजनों की रेसिपी बता रहे हैं।

नवरात्र में बनाएं व्रत वाले फलाहार

साबूदाना पोटेटो पकोड़े

सामग्री: मध्यम आकार के उबले आलू-200 ग्राम, राजगिरे का आटा-100 ग्राम, बारीक कटा अदरक-1/2 छोटा चम्मच, बारीक कटा हरा धनिया-1 बड़ा चम्मच, बारीक कटी मिर्च-2, नीबू का रस-1 छोटा चम्मच, पिसी काली मिर्च-1/2 छोटा चम्मच, सेंधा नमक-स्वादानुसार, घी-तलने के लिए

विधि: आलुओं को छीलकर छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। घी छोड़कर बाकी सारी सामग्री आलुओं के साथ मिला लें। कड़ाही में घी गर्म करें। चम्मच की सहायता से आलुओं को पकोड़ों की तरह कड़ाही में डाल कर मीडियम फ्लेम पर सुनहरा होने तक तलें। अब पकोड़े निकालें और व्रत वाली हरी चटनी के साथ गर्म-गर्म सर्व करें।

राजगिरा स्वीटी

सामग्री: राजगिरा -3/4 कप, दूध-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-1/3 कप, कटा पिस्ता-2 छोटे चम्मच, आधा कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, इलायची का पावडर-चुटकी भर

विधि: सबसे पहले राजगिरे को 2 कप पानी में डालकर 4 सीटी आने तक प्रेशर कुकर में उबालें। आंच बंद कर कुकर का प्रेशर अपने आप निकल जाने पर उसमें दूध मिलाकर गाढ़ा होने तक धीमी आंच पर चलाते हुए पकाएं। अब कंडेंस्ड मिल्क और इलायची पावडर मिलाकर 2 मिनट और पकाएं। इसे बाउल में निकालें। ऊपर से कटा पिस्ता और बादाम डाल कर सर्व करें।

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

खबर संक्षेप

मोटरसाइकिल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हिसार। मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी आदमपुर रोड अग्रोहा निवासी रोहित को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य सिपाही वीरेंद्र सिंह ने बताया कि इस संबंध में लक्ष्मी मंडी निवासी राजेश ने मोहल्ला डोगरान चौकी में डीआर सेंटर रेलवे रोड हिसार के पास से मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। मुख्य सिपाही वीरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके उससे चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

15 बोतल अवैध शराब सहित एक व्यक्ति काबू

हिसार। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एबीवीटी टीम ने बस स्टेंड खेदड़ से एक व्यक्ति को काबू कर 15 बोतल अवैध शराब बरामद की है। मुख्य सिपाही नरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव खेदड़ बस स्टेंड इंद्रा कॉलोनी खेदड़ निवासी राजबीर को काबू करके उससे पास रखे प्लास्टिक के कट्टे से 15 बोतल अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने उस पर केस दर्ज कर लिया है।

सेक्टर 9-11 में लाखों की नकदी व सामान चोरी

हिसार। शहर के सेक्टर 9-11 के एक मकान से अज्ञात चोर लाखों की नकदी व अन्य सामान चुरा ले गए। घटना के समय परिवार के लोग किसी काम से दिल्ली गए हुए थे। वापस आकर मकान देखा तो उनको चोरी का पता चला। सेक्टर 9-11 के मकान नंबर 2176 रहने वाले संदीप गोयल ने बताया कि चोर सोना, चांदी, गाड़ी के कागज, एटीएम सब ले गए। गाड़ी की चाबियां अपनी जगह पर न होकर ऊपर वाले कमरे में मिली। मौके के हालात देखने पर यह पता लगता है कि चोरों ने बड़ी तसल्ली से चोरी की है। उन्होंने चोरी से पहले घर में रखी मिठाई खाई और चाय भी पी।

दिन के समय बिजली सप्लाई रहेगी बंद

हिसार। गेहूं कटाई सीजन के चलते दिन के वक्त दी जाने वाली बिजली सप्लाई मंगलवार से 30 अप्रैल तक बंद करने का फैसला लिया है। बिजली निगम के बाडो पट्टी सब डिवीजन के एसडीओ संदीप धानिया ने बताया कि जो कटाई सीजन में किसानों की फसलों को किसी तरह का कोई नुकसान न पहुंचे। सब डिवीजन बाडो पट्टी के अंतर्गत आने सरसौद 33 केवी सब स्टेशन, भाटला 33 केवी सब स्टेशन और 132 केवी थर्मल से जिन गांवों को बिजली सप्लाई दी जा रही है।

बैंक ने किसान की आज्ञा बिना काटे 23,700 रुपये

रतिया। भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को एक्सिस बैंक रतिया के मैनेजर से मिले। जिला प्रधान निर्भय सिंह ने बताया कि किसान कर्म सिंह की एक्सिस बैंक में लिमिट है और बैंक अधिकारियों ने बिना अनुमति कर्म सिंह का फसल बीमा योजना के तहत बीमा कर दिया। किसान ने बैंक अधिकारियों को सूचित किया था कि वह अपनी फसलों का बीमा नहीं करवाना चाहते, फिर भी बैंक अधिकारियों ने किसान के मना करने के बाद भी बीमा कर दिया।

गेहूं की कटाई शुरू न होने से मंडी में गेहूं की आवक नहीं

रबी फसल तैयार, मंडी में सरसों की आवक हुई शुरू

एमएसपी रेट के आधार पर सरसों की खरीद की 26 मार्च को घोषणा की गई थी जबकि एक अप्रैल को गेहूं खरीद की गई

सिरसा। खेतों में पककर तैयार हुई गेहूं की फसल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डिंग

रबी की फसल पककर तैयार है तथा मंडी में फसल की आवक भी शुरू हो चुकी है। इस समय सरसों की आवक जोरों पर है लेकिन गेहूं की कटाई शुरू ना होने पर अभी तक मंडी में गेहूं की आवक नहीं हो पाई है। सरकार द्वारा एमएसपी रेट के आधार पर सरसों की खरीद 26 मार्च को घोषणा की गई थी जबकि 1 अप्रैल को गेहूं खरीद की गई है। मंडी में किसानों को फसल आवक को लेकर जिला प्रशासन की ओर से मंडी की व्यवस्था की तैयारी भी पूरी कर दी गई है। मौसम के अनुसार किसानों द्वारा इस सीजन रबी की फसल की पैदावार अच्छी आशंका जताई जा रही है। स्थानीय किसानों को मानना है कि इस साल सरसों की बोआई 'यादा हुई है। उत्पादन 'यादा बढ़ने की असल वजह इस साल मौसम अनुकूल रहना है। इस सीजन अच्छी सर्दी पड़ी है जिससे फसलें रोग मुक्त रही है। मौसम के समानता से गेहूं में पीलिया तथा तेला और सरसों में तेले से काफी बचाव रहा है। वहीं अगर गेहूं की बात करें तो इस बार मौसम में परिवर्तन की वजह से अप्रैल माह तक मौसम ठंडा रहा जिससे गेहूं की फसल कुछ देरी से पकने का अनुमान है तथा मंडी में गेहूं की फसल मंडी आवक अभी तक शुरू नहीं हो पाई है। यह ठंड फसलों के लिए जीवनदान साबित रही है। सरसों में फूल आने तक सरसों की फसल अच्छी रही लेकिन बीते जनवरी माह में रेतीले इलाके में सरसों की फसल में पत्तों तथा टहनियों में फंगस आने के तथा जड़ों के पास मुगारेजा बीमारी आने के कारण सरसों की फसल काफी प्रभावित रही है। सरसों की फसल जहां दस क्विंटल प्रति एकड़ का अनुमान जताया जा रहा था वही सरसों का स्तर गिरकर मात्र 5 या 6 क्विंटल में आ चुकी थी लेकिन कुछ नहरी इलाकों में सफेद फंगस के बचाव से अच्छा उत्पादन हुआह है। पुराने समय में मशीनों के आधुनिकता ना होने तथा उत्पादन भी कम होने के कारण मंडी में व्यवस्था नियंत्रित होती थी लेकिन इस समय क्षेत्र में स्थानीय कंबाइनों के अलावा बाहर से भी कंबाइन आने की उम्मीद है जिसे खेतों में दिन और रात गेहूं कटाई को लेकर भारी मात्रा में गेहूं मंडी में पहुंचने की उम्मीद है क्योंकि इस बार गेहूं की फसल खड़ी होने के कारण कटाई का कार्य भी जल्दी निपटान होने की संभावना है।

10 दिनों में गेहूं आवक की उम्मीद

वही बारानी इलाकों में रीपर द्वारा गेहूं का कटाई का कार्य शुरू भी हो चुका है। एक सप्ताह से पहले अगर गेहूं मंडी में पहुंचती है या तो अगेती गेहूं या फिर जिस गेहूं की पानी मार हो चुकी हो मंडी में पहुंचेगी। मौसम के अनुसार फसल उत्पादन को देखते हुए आगामी एक सप्ताह के बाद अगर मंडी में गेहूं उठान समय पर नहीं होता है तो मंडी की व्यवस्था पुरी तरह से चरमरा सकती है क्योंकि 10 दिनों के अंतराल में संपूर्ण गेहूं मंडी में आने की उम्मीद जताई जा रही है।

स्कूल में चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत हस्ताक्षर करते हुए अध्यापक।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिरसा में सोमवार को सिरसा का अभिमान-100 प्रतिशत मतदान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें सिरसा 45 के स्वीप ट्रेनर चमन भारतीय ने विस्तारपूर्वक चुनाव के महत्व बारे अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि हस्ताक्षर अभियान से एक सार्थक संदेश भी समाज और जनमानस में जाता है। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य मदन मलिक ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। सभी को 100 प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया और मतदाता जागरूक अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। तत्पश्चात खंड शिक्षाधिकारी कृष्ण कुमार वर्मा ने भी मतदाता जागरूक अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान में अपना योगदान देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम से संदेश के साथ-साथ चेतना और जागरूकता भी उत्पन्न होती है। इनके साथ गुरदीप सैनी रा'य अध्यक्ष स्कूल कैडर लेक्चरर एसोसिएशन हरियाणा (सलाह) ने भी अपने हस्ताक्षर मतदाता जागरूक अभियान के अंतर्गत किए। विद्यालय के विद्यार्थियों और स्टाफ ने भी इस अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपने हस्ताक्षर भी किए। स्टाफ सदस्यों में नवदीप, सुनील कुमार, सुरेश गिरी, राजकुमार, सतपाल भंगू, प्रमोद,

स्वीप अभियान के तहत छात्रों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

स्वीप अभियान के तहत राजकीय माध्यमिक एवं प्राइमरी विद्यालय पुलिस लाइन के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाल कर आमजन को जागरूक किया। इस रैली में विद्यार्थियों ने मताधिकार के महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया। आओ मिलकर करें मतदान-भारत राष्ट्र पर करें अभिमान, सिरसा का अभियान-शत प्रतिशत मतदान, आओ मिलकर अलख जगाएं-शत प्रतिशत मतदान करवाएं आदि स्लोगनों के माध्यमों से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। स्वीप मास्टर ट्रेनर नरेश ग्रोवर ने विद्यार्थियों को लोकतंत्र के महत्व, नागरिकों के मौलिक अधिकार, वोटर कार्ड बनाने की प्रक्रिया एवं वोटर कार्ड संबंधी एप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे घरों में जाकर अपने अभिभावकों व पड़ोसियों को आगामी 25 मई को घरों से निकाल कर मतदान केंद्रों पर जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित करें। मतदान का दिन पर्व की तरह मनाएं और पूरे उत्साह के साथ भाग लेना चाहिए। देश का हर एक मतदाता अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदान करके ही हम लोकतंत्र को मजबूत बना सकते हैं। यही मतदाता

थैलेसीमिया पीड़ितों के सहायतार्थ लगाया रक्तदान शिविर

सिरसा। शहर के शिवशक्ति ब्लड बैंक परिसर में थैलेसीमिया पीड़ितों के सहायतार्थ बृजेश सचदेवा द्वारा अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. आरपी मोंगा, राजेंद्र भाटिया, निखिल ढींगरा, नरेश, पंकज, प्रवीण, सुशील, सोनल, रजत, 'योति कक्कड़ व रोहित कक्कड़ सहित 35 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में राजेंद्र भाटिया ने 40वीं बार रक्तदान किया। डॉ. आरपी मोंगा ने कहा कि बृजेश सचदेवा ने अपने जन्मदिन पर शिविर लगाकर समाज को एक संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। डॉ. मोंगा ने कहा कि इसे न तो किसी फैक्ट्री में बनाया जा सकता है और न ही पैदा किया जा सकता है।

कांग्रेस को नहीं मिल रहे उम्मीदवार: मुख्यमंत्री

- दो दिवसीय सिरसा दौरे के दौरान कार्यकर्ताओं में भरा जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस को उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे हैं। कांग्रेस के बडे-बड़े नेता भी अपनी हार के डर से टिकट नहीं ले रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपने दो दिवसीय सिरसा दौरे के दौरान भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करने आए थे। बीती रात उन्होंन सेतिया पैलेस में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उनमें जोश भरा। मुख्यमंत्री आज कई कार्यक्रमों में शामिल हुए और भाजपा की नीतियों से लोगों को अवगत करवाया। मुख्यमंत्री सुबह रानियां रोड स्थित गुरुद्वारा चिल्ला साहिब पहुंचे और माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद वे तारा बाबा कुटिया में पहुंचे और यहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। यहां गोबिंद कांडा ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर के आवास पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार को लोकसभा का सदस्य बनाकर भेजना है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत बन सके। हमारे 400 पार के विजन को सफल बनाकर देश को उम्दा नेतृत्व प्रदान कर सके।

डेयरी फार्मिंग कंपोस्ट मेकिंग कोर्स का समापन

- 35 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कंपोस्ट मेकिंग कोर्स कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते आरसेटी निदेशक उम्मेद सिंह।

स्टेट बैंक ऑफइंडिया के तत्वावधान में संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा स्थानीय पंचायत भवन में चलाए गए दस दिवसीय डेयरी फार्मिंग एवं वर्मी कंपोस्ट मेकिंग कोर्स कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में आरसेटी निदेशक उम्मेद सिंह ने 35 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण प्रतिभागियों के स्वयं के रोजगार शुरू करने में कारगर साबित होगा। संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण युवक-युवतियों को स्वयं का रोजगार शुरु करवा कर आत्मनिर्भर बनाना है यानि वे रोजगार लेने वाले नहीं बल्कि दूसरों को रोजगार देने वाले बनें। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि दूध को बेचने के अलावा दूध को प्रोसेस करके उससे बनने वाले पदाथार्ं जैसे दही, पनीर, लस्सी, घी एवं मिठाई का सूक्ष्म उद्योग लगाकर पैकिंग के माध्यम से बेचने से अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कोर्स के दो वर्ष उपरांत तक स्वरोजगार शुरु करने के लिये संस्थान से युवाओं को निशुल्क मार्गदर्शन व जरूरत पड़ने पर बैंक द्वारा कार्य के मुताबिक लोन उपलब्ध कराया जाता है।

अतिरिक्त उपायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

- मतदाता जागरूकता अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली और मतदाता जागरूकता अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी (स्वीप) मुहिम के तहत सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करें और 25 मई को अपना कीमती वोट डालने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बैठक में जिला में आयोजित की जा रही स्वीप गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने जिला के सभी मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और हर मतदाता मतदान प्रक्रिया में भाग अवश्य लें तथा गर्व महसूस करें क्योंकि आप भारतीय संविधान द्वारा दिए गए अधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि वोट बनवाने के लिए किसी भी तरह की दिक्कतें आती हैं तो वे वोटर हेल्पलाइन नम्बर 1950 तथा वोटर हेल्पलाइन एप पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।

टोहाना में आग से स्क्रैप गाड़ियां जलीं

- लाखों का हुआ नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

टोहाना। स्क्रैप गाड़ियों में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मचारी।

क्षेत्र में सोमवार को एक कबाड़ की दुकान में खड़ी पुरानी गाड़ियों में अचानक आग लग गई। गाड़ियों से धुंआ उठता देख लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने तुरंत इस बारे फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया लेकिन तब तक कई गाड़्यां जल चुकी थी। मिली जानकारी के अनुसार टोहाना निवासी संजय नामक व्यक्ति टोहाना में स्क्रैप का काम करता है। उसने कैंची चौक के पास ही एक गली में पड़ी खाली जगह पर कबाड़ का सामान रखा हुआ था। वह पुरानी गाड़ियों को भी स्क्रैप करने का काम करता है, इसलिए यहां पर काफी पुरानी गाड़ियां भी रखी थी। बताया जा रहा है कि सोमवार को अज्ञात कारणों से यहां खड़े दो ट्रकों व एक ट्रैक्टर में आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। आसपास पड़े अन्य सामान ने भी आग पकड़ ली। जिसके बाद दमकल कर्मियों को सूचना दी गई। करीब एक घंटे के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है यहां पर एक करोड़ रुपये की कीमत से भी 'यादा का स्क्रैप पड़ा है, जो बच गया।

बंसीवट में संपन्न हुआ नानी बाई का मायरा

सिरसा। बंसीवट मंदिर के पुजारी पंडित सीताराम के सानिध्य में पंडित सुगन शर्मा ने अपने तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मोहित शर्मा मायरा सुनने पहुंचे और पंडित सुगन शर्मा से आशीर्वाद लिया। इस दौरान युवा कांग्रेस नेता मोहित शर्मा ने कहा कि सिरसा में समय-समय पर धार्मिक समागम होते रहते हैं। इस तरह के आयोजनों में शामिल होने से जहां मन में परोपकार की भावना पैदा होती है, वहीं आत्मिक शांति भी मिलती है। इस मौके पर बंसीवट कथा समिति के प्रधान इंद्र कुमार, सुनील कुमार गोयल, संजय कुमार तायल, हीरालाल शर्मा, राजकुमार शर्मा, रामकुमार जैन आदि रहे।

बचत करने वाले दो छात्र हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा। बचत करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अध्यापक।

जिला के गांव भरोखां के संगम मिडिल स्कूल में बच्चों को समसामयिक विषयों, नित्यप्रति समय पर स्कूल पहुंचने, अनुशासन में रहने, विद्यालय से मिला गृहकार्य प्रतिदिन करने इत्यादि अनेक विषयों पर बच्चों को सम्मानित किया गया। दिसंबर माह में सभी बच्चों को एक-एक गुल्लक दिया गया तथा विद्यालय के मुख्य अध्यापक छगन सेठी ने उनको बाजार से फास्ट फूड न खाने और पैसा बचाकर गुल्लक में डालने तथा खाने को चबा-चबाकर खाने का आह्वान किया और यह भी कहा गया था कि ये गुल्लक अप्रेल मास में खोले जाएंगे और जो विद्यार्थी 'यादा बचत करेगा, उसको भी इनाम दिया जाएगा। आज उन 21 बच्चों के गुल्लक विद्यालय में अभिभावकों के सामने खोले गए, जिसमें प्रथम स्थान पर मुस्कान यादव रही और द्वितीय स्थान पर यशवी जईया रही। इन दोनों विद्यार्थियों को पैसे की बचत करने के लिए विद्यालय प्रशासन की ओर से 1100 और 700 का नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया तथा सदैव ही पैसे को बचा बचाकर खर्च करने तथा भोजन को चबा-चबाकर खाने, फास्ट फूड न खाने, अनुशासन में रहने तथा खेल प्रतिस्पर्धा में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

आढ़तियों ने सीएम सैनी को सौंपा मांग पत्र

सिरसा। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते मुख्यमंत्री।

सिरसा। आढ़ती एसोसिएशन सिरसा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रधान मनोहर मेहता के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और एक मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में प्रधान मनोहर मेहता के साथ सचिव दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष कुणाल जैन, सहसचिव महावीर शर्मा, मैनेजर नरेंद्र सेठी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने आढ़तियों की मांगों से संबंधित एक मांग पत्र सीएम को सौंपा। मेहता ने सीएम से कहा कि उनकी रा'य कार्यकारिणी उनसे मिलना चाहती है, इसलिए चंडीगढ़ में मिलने का समय दिया जाए। जिस पर मुख्यमंत्री ने कहा वे जल्द ही आढ़ती एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी को मिलने के लिए चंडीगढ़ बुलाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार आढ़तियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आने देगी।

फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र के चलते गांव लांबा का सरपंच सस्पेंड

रतिया। दसवीं के फर्जी प्रमाण पत्र के सहारे सरपंच बने गांव लाम्बा के सरपंच गुरदेव सिंह को जांच और रिपोर्ट के आधार पर उपायुक्त राहुल नरवाल द्वारा सोमवार देर शाम को जारी आदेशों के बाद सस्पेंड किया गया है। उपायुक्त द्वारा देर शाम को दिए गए आदेशों में खंड विकास एवं पंचायती अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि फर्जी दसवीं के प्रमाण पत्र के आधार पर धोखाधड़ी से सरपंच बनने वाले गांव लाम्बा के सरपंच गुरदेव सिंह को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड करते हुए उसके पास पड़े गांव की पंचायत के पूर्ण रिकॉर्ड को कब्जे में लेकर बहुमत वाले पंच को आगामी कार्यभार देकर पंचायत का कार्य सुचारू रूप से चलाया जाए उपायुक्त द्वारा दिए गए आदेशों में बताया गया कि 2022 के आम पंचायत के चुनाव में उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज से जारी 10वीं कक्षा के प्रमाण पत्र के माध्यम से सरपंच पद का चुनाव लड़कर सरपंच बना था चुनाव के कुछ समय बाद गांव के जितेंद्र सिंह ने सरपंच गुरदेव सिंह के खिलाफ दसवीं के फर्जी प्रमाण पत्र के सारे चुनाव लड़ने के आरोप लगाते हुए जिला उपयुक्त स्टेट विजिलेंस को शिकायत भेजी थी। जितेंद्र कुमार द्वारा भेजी गई शिकायत के आधार पर विजिलेंस हिसार द्वारा 12 में 2023 को सरपंच गुरदेव सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया था जिसके बाद उपायुक्त ने मामले की जांच के लिए अतिरिक्त उपायुक्त की अगुवाई में तत्कालीन एसडीएम, जिला शिक्षा अधिकारी व योजना अधिकारी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए थे मामले की जांच करने वाली कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर उपयुक्त राहुल नरवाल ने सोमवार देर शाम को आदेश जारी करते हुए गांव के सरपंच गुरदेव सिंह को फर्जी प्रमाण पत्र के कारण सस्पेंड करने के आदेश दिए।

पैसे न देने पर पोते ने दादा की घोटा मारकर की हत्या

- चाचा की शिकायत की नाबालिग आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

शहर के सुखचैन कॉलोनी में नाबालिग पोते द्वारा घोटा मारकर दादा की हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने चाचा की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आरोपी नशे का आदी है और पैसे न मिलने पर उसने इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस को दी शिकायत में सुखचैन कॉलोनी निवासी खुशकरण सिंह ने बताया कि वह नए डेरे में कैंटीन पर नौकरी करता है। उसके भाई जसकरण का 13 वर्षीय बेटा जोकि नशे का आदी है। मेरा भतीजा कर्णवीर, पिता बलविंद्र सिंह, माता परमजीत कौर और मेरी दादी मुख्तयार कौर एक साथ सच्ची दाढ़ी गली नंबर 1 सुखसागर कॉलोनी सिरसा में रहते हैं। भतीजा कर्णवीर गलत संगत में पड़ा हुआ है और शातिर दिमाग है, जो अक्सर झूठ बोलकर उसके पिता से पैसे ऐंठता रहा है और इससे पहले भी दो बार हमने कर्णवीर को घर से रुपए चोरी करते हुए भी पकड़ा है। उसे बच्चा समझकर हमने कोई शिकायत नहीं की। बीते दिवस उसकी माता व दादी कॉलोनी में ही किसी के घर सत्संग में गई हुई थी। घर पर उसका पिता बलविंद्र सिंह और भतीजा कर्णवीर अकेले थे। करीब पौने दो बजे भतीजे कर्णवीर ने फोन करके उसे बताया कि दादा को किसी ने चोट मार दी है। सूचना पाकर वह मौके पर पहुंचा तो उसके पिता लहूलुहान अवस्था में कमरे के अंदर नीचे फर्श पर पड़ा थे। वह उपचार के लिए शाह सतनाम अस्पताल में ले गया। रास्ते में उसके पिता धीरे-धीरे बुदबुदा रहे थे कि मैंने कर्णवीर को पैसे देने से मना किया तो कर्णवीर ने सिर में घोटा मारा।

सिमरदीप ने राज्य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में पाया तृतीय स्थान

सिरसा। हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में 22 दिसंबर 2023 को रा'य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जीटी रोड, पानीपत में हुआ। जिसमें प्रत्येक जिला से टॉप दस प्रतिभागियों ने भाग लिया। बता दें यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों में वैज्ञानिक लेखन प्रतिभा पैदा करने और युवा मन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के उद्देश्य से करवाई जाती है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार ने बताया कि सिरसा जिला से ग्रामीण प्रगति सीनियर सैकेंडरी स्कूल भूर्टवाला की छात्रा सिमरदीप पुत्री सतनाम सिंह ने रा'य स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रतियोगिता की अवधि एक घंटा थी व निबंध हिंदी या अंग्रेजी किसी भी भाषा में लिखा जा सकता था और निबंध के लिए शब्दों की सीमा 800-1000 के अनुरूप थी।

न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी फतेहाबाद जिला फतेहाबाद

कर्मवीर गोयत पुत्र जयलाल गोयत निवासी कुंगड तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी
----प्रार्थी

बनाम

1-विधा देवी पुत्री भाल चन्द पुत्र भुरा मल, 2 नीलम, 3-सुनीता 4- वनीता, पुत्रीयान देवी दयाल उर्फ देवी लाल 5- नारायणी देवी विधवा खेम चन्द पुत्र धन्नी राम निवासीयान हिजरावां कलां तहसील वा जिला फतेहाबाद। ----उतरवादीगण

दरखास्त बराये तकसीम बाबत भुमि खेवट 1197 खतौनी नम्बर 1640 किता 3 रकबा तादादी 18 कनाल 2 मरला वा भुमि खेवट नम्बर 1198 खतौनी नम्बर 1641 किता 5 रकबा तादादी 36 कनाल 5 मरला वाक्या मौजा हिजरावां कलां तहसील वा जिला फतेहाबाद।

प्रार्थी ने उपरोक्त शीर्षक दरखास्त दायर करके प्रार्थना की है कि उपरोक्त अराजी की तकसीम नियम अनुसार की जावे। अदालत द्वारा कई बार उतरवादीगण को तलब करने के लिये सम्मन जारी किये लेकिन उतरवादीगण जान बुझ कर तामिल करने से बच रहे है और अदालत को यकीन हो चुका है कि उतरवादीगण की साधारण तरीका से तामिल ना हो सकती है अतः इस विज्ञापन द्वारा उतरवारदीगण को सूचित किया जाता है कि वे दिनाक 08/05/24 को इस न्यायालय में असालतन या वकालतन पेश होकर जवाब देही करे वरना एक तरफा कारवाई अमल में लाई जावेगी।

यह आदेश आज दिनांक को इस न्यायालय की मोहर वा मेरे हस्ताक्षर सहित जारी किया गया है।

हस्ता/-
सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी फतेहाबाद

खबर संक्षेप

मतदाता हस्ताक्षर अभियान चलाया

रतिया। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय रतिया में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। निर्वाचन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो जसबीर के संयोजन में अभियान चलाया गया, जिसमें छात्राओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर जनसम्पर्क अधिकारी प्रो. सुरेन्द्र शर्मा व प्राचार्य प्रेम मेहता ने हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करते हुए अपने संबोधन में छात्राओं को लोकतंत्र में मत का महत्व बताया।

रत्ताखेड़ा से विवाहिता लापता, केस दर्ज

फतेहाबाद। गांव रत्ताखेड़ा से एक विवाहिता के लापता होने का समाचार है। इस बारे महिला के पति ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव रत्ताखेड़ा निवासी एक युवक ने कहा है कि उसकी पत्नी गत दिवस सुबह टाइफाईड का दवाई लेने के लिए रतिया चुंगी, फतेहाबाद जाने की बात कहकर घर से गई थी और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है।

नागरिक अस्पताल से मोटरसाइकिल चोरी

फतेहाबाद। वाहन चोरों ने गत दिवस टोहाना के सरकारी अस्पताल परिसर से एक मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में गांव जमालपुर शेखां निवासी संदीप कुमार ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से टोहाना गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को नागरिक अस्पताल के अंदर पार्किंग के पास खड़ा किया और अस्पताल में चला गया। कुछ देर बाद जब वह वापस आया तो उसने देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल गायब था।

भाविप रतिया की कार्यकारिणी का विस्तार

रतिया। भारत विकास परिषद् शाखा रतिया द्वारा श्री राम आश्रम मंदिर में हवन का आयोजन के साथ नए सत्र की शुरूआत की गई और कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। हवन के पश्चात शाखा अध्यक्ष साहिल चिलाना, सचिव गौरव चोपड़ा और वित सचिव रिंकू जिंदल ने आए हुए सदस्यों का स्वागत किया और कार्यकारिणी के विस्तार की घोषणा की। शाखा संरक्षक डॉ. नरेश गोयल और सह संरक्षक शैलेंद्र गोस्वामी ने अपने अनुभव सांझा किए।

105 जरूरतमंदों के करवाए ऑपरेशन

रतिया। लायंस क्लब रतिया टाऊन द्वारा आयोजित आंखों के मुफ्त ऑपरेशन कैंप में 105 जरूरतमंद नेत्र रोगियों की आखों के ऑपरेशन कर नेत्र 'योति प्रदान की गई। कैंप के समापन पर क्लब प्रधान विजय जिंदल ने बताया कि क्लब सदा ही समाज सेवा में अग्रणी रहा है और न केवल रतिया बल्कि पंजाब क्षेत्र में भी क्लब आंखों के ऑपरेशन कैंप के लिए अपनी पहचान बनाए हुए है, जिसका क्षेत्रवासी पूरा वर्ष इंतजार करते रहते हैं। क्लब सचिव शिव सोनी व अन्य मौजूद रहे।

एमएम कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका

विद्यार्थियों ने रंगोली व मेहंदी लगाकर, नाटक प्रस्तुत व मानव श्रृंखला बनाकर दिया वोटर जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। वोटर जागरूकता रैली को रवाना करते उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल।

लोकतंत्र को मजबूत बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी पात्र युवाओं, नए मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। युवाओं को स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अपने माता-पिता तथा आस-पड़ोस के लोगों को भी मतदान प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित करना चाहिए। यह बात उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने फतेहाबाद के एमएम कॉलेज में स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय मतदान जागरूकता कार्यक्रम को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते हुए कही। कॉलेज में मतदान जागरूकता को लेकर सोमवार को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने भाग लिया और युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला रेडक्रास सचिव श्याम सुंदर भी मौजूद रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने उपायुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त का स्वागत किया। कॉलेज में विद्यार्थियों द्वारा रंगोली, पोस्टर एवं मेहंदी लगाकर वोट के महत्व पर प्रकाश डाला वहीं मतदान जागरूकता को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। डीसी और एडीसी द्वारा रंगोली और मेहंदी स्थल का निरीक्षण भी किया गया। संगीत विभाग से नितिन सचदेवा के निर्देशन में वोटर जागरूकता को लेकर आयोजित नुक्कड़ नाटक की अधिकारियों द्वारा काफी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का संचालन इलैक्टोरल लिटरेसी क्लब इंचार्ज डॉ. सुमंगला वशिष्ठ ने किया। एमएम प्रबंधक समिति के प्रधान राजीव बत्रा ने भी विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताते हुए लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी के लिए प्रेरित किया।

फतेहाबाद। नाटक के माध्यम से वोटर जागरूकता का संदेश देते विद्यार्थी।

युवाओं से वोट बनवाने का किया आह्वान

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा वोट बनवाने व मतदान करने के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शिक्षण संस्थानों में विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर विद्यार्थियों को वोट बनवाने व मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। एडीसी एवं स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने कहा कि जो नागरिक कोई नई वोट बनवाना चाहता है वह 26 अप्रैल तक आवेदन करें तो उसकी वोट बन सकती है और वह इन लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल भी कर सकता है। उन्होंने बताया कि कोई भी नागरिक वोट बनवाने के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों तरीकों का प्रयोग कर सकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा वोटर जागरूकता पर आधारिक नाटक प्रस्तुत किया गया वहीं अधिकारियों द्वारा युवाओं को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई। इसके बाद विद्यार्थियों ने कॉलेज में मानव श्रृंखला बनाकर वोटर जागरूकता का संदेश दिया वहीं वोटर जागरूकता रैली भी निकली गई। इस रैली में डीसी राहुल नरवाल, एडीसी राहुल मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति सावधान रहें: एसपी

- पुलिस अधीक्षक डबवाली सुमेर सिंह ने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस अधीक्षक डबवाली सुमेर सिंह ने आम नागरिकों को प्रॉपर्टी वेबसाइट, क्रिप्टो करेंसी और शेयर बाजार में निवेश से होने वाली धोखाधड़ी से आगाह किया है। उन्होंने कहा है कि आजकल धोखेबाज आम नागरिकों से धोखाधड़ी करने के लिए नए-नए तरीके अपना रहे है। पंजीकृत रियल एस्टेट वेबसाइट जैसे मैजिक ब्रिक, नो ब्रोकर, 99 एकड़ का उपयोग करने वाले जो अपनी संपत्ति को बिक्री या किराए पर लेने के लिए इन वेबसाइट्स पर सूचीबद्ध करते है। धोखाधड़ी करने वाले इस मंच का इस्तेमाल कर न मालिकों के साथ किरायेदार से भी वित्तीय धोखाधड़ी कर सकते है। धोखाधड़ी करने वाले संभावित किरायेदार के रूप में संपत्ति के मालिक या दलाल को बुलाते हैं और कीमत पर बातचीत किए बिना संपत्ति में रुचि दिखाते हैं। नकली किरायेदार बना व्यक्ति मालिक को टोकन राशि/अग्रिम किराया प्राप्त करने के लिए क्यू आर कोड को स्कैन करने के लिए कह सकता है। पीड़ित क्यू आर कोड को यह मानते हुए स्कैन करता है कि वे अपने खाते में पैसा प्राप्त करेंगे, लेकिन वे पिन/पासकोड बदलने में चूक जाते हैं और धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। धोखाधड़ी करने वाले किरायेदारों को कम किराए की दर का लालच दे, फर्जी संपत्ति मालिक बन पोस्ट और विज्ञापन भी निकाल सकते हैं। इस प्रकार की धोखाधड़ी से बचने के लिए नागरिक किसी भी तरह के वित्तीय लेनदेन करने से पहले अनजान व्यक्ति की वास्तविकता को सत्यापित कर ले फोन कॉल पर विश्वास न करे। किसी भी भुगतान को प्राप्त करने लिए पिन या पासकोड को आवश्यकता नही होती। किसी भी प्रकार के साईबर क्त्राईम की सूचना करे। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि डिजिटल निवेश समय के साथ बढ़ा है। शेयर निवेश में लोकप्रियता के कारण धोखेबाज अलग-अलग तरीके से निवेशको को धोखा दे रहे हैं।

सोशल साइट पर ठग गिरोह सक्रिय

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि साइबर जालसाज सोशल मीडिया चैनलों पर आमजन को लालच देते हैं और शेयर बाजार में निवेश पर उच्च प्रतिलाभ का वादा करते हैं। वे कॉल या एसएमएस भी भेज सकते हैं, मैसेंजर चैनलों पर नागरिकों को जोड़ निवेश पर उच्च रिटर्न का वादा करते हैं। धोखेबाज नागरिकों को डिमैट खाता खोलने के लिए कहकर, खाता खोलने या प्रसंस्करण शुल्क की मांग कर सकता है। जब कोई नागरिक धोखेबाजों के खाते में निवेश का पैसा जमा करता है तो जालसाज नागरिक को फर्जी ग्राफ, खरीद के प्रमाण के रूप में एक प्रमाण पत्र और शेयरों के मालिकों के प्रमाण पत्र के साथ दैनिक आधार पर उनके द्वारा किए गए मुनाफे को दिखाते हैं। और जब नागरिक निवेशित शाखा से अपना निवेश वापसी के लिए अनुरोध करता है, तो जालसाज जवाब नहीं देता है।

खैराती खेड़ा में मतदान का आह्वान

- सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। गांव खैराती खेड़ा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शपथ दिलाते डीआईपीआरओ आत्मा राम कसाना।

सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गांव खैराती खेड़ा के राजकीय उच्च विद्यालय में सोमवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी आत्मा राम कसाना ने ग्रामीणों व विद्यार्थियों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न विभागों द्वारा सभी शिक्षण संस्थानों, गांवों, कस्बों आदि में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की भजन मंडलियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ रागनी, भजनों व कविताओं के माध्यम से वोट के महत्व व लोकतंत्र प्रणाली को मजबूत करने के लिए ग्रामीणों व विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि भाना राम कसाना, प्राचार्य अनिल कुमार, अध्यापक महेंद्र सिंह, पंच गोपी राम, बलजीत बागड़ी व अन्य मौजूद रहे।

मताना में शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

- मताना स्कूल के अपग्रेड होने से आसपास के गांवों के विद्यार्थियों को होगा काफी लाभ : संगीता बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। गांव मताना में आयोजित कार्यक्रम में डीईओ संगीता बिश्नोई को सम्मानित करते सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट व अन्य पंचायत सदस्य।

गांव मताना के सरकारी स्कूल में विद्यार्थियों के अधिक से अधिक दाखिले व ग्रामीणों को सरकारी शिक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत मताना द्वारा गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई ने भाग लिया वहीं विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी महेन्द्र श्योरारण, डाइट मताना से डॉ. ईश्वर ढिंगसरा व डॉ. सुनील कड़वासरा, हरियाणा जीके स्पेशलिस्ट व गुरूकुल अकैडमी के डायरेक्टर प्रदीप मांझू, प्रमुख समाजसेवी देवीदयाल तायल व अनिल असीजा विशाल टीवी केयर फतेहाबाद ने भाग लिया। अति विशिष्ट अतिथि बीघड़ के तीनों सरपंच हरिकिशन कटारिया, जगमीत सिंह व मनोज कुमार, गांव धांगड़ के सरपंच विष्णु नैन व भोड़ियाखेड़ा सरपंच कौशल्या देवी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गांव मताना के सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा जहां शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया वहीं नाटक के माध्यम से सरकारी स्कूल में दाखिला करवाने की अपील की गई। सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट ने कहा कि सरकारी स्कूल में इस समय तीन पीजीटी की पोस्ट रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, ड्राइंग के अलावा माली की पोस्ट खाली है, जिस पर तुरंत नियुक्ति की जाए। इस पर डीईओ ने आश्वासन देते हुए कहा कि स्कूल के पास ही डाइट होने के कारण जल्द ही यहां शिक्षकों को उपलब्ध करवाया जाएगा, विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। सरपंच दलबीर वर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत शर्त पर ही भूमि शिक्षा विभाग को दी थी।

फतेहाबाद। गेहूं खरीद को लेकर डीसी से मिलने जाता व्यापार मंडल अनाज मण्डी का प्रतिनिधिमंडल।

खरीद को लेकर डीसी से मिले व्यापारी

फतेहाबाद। खाद्य एवं पूर्ति विभाग खरीद एजेंसी द्वारा फतेहाबाद की अनाज मण्डी में इस बार गेहूं की खरीद न करने के रोषस्वरूप अनाज मण्डी व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान जगदीश भादू के नेतृत्व में उपायुक्त राहुल नरवाल से मिला। व्यापारियों ने उपायुक्त को बताया कि डीएफएससी द्वारा गेहूं खरीद न किए जाने से अनाज मण्डी व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उपायुक्त ने व्यापारियों की मांग पर डीएफएससी को कार्रवाई के लिए लिखा है। व्यापार मंडल प्रधान जगदीश भादू ने उपायुक्त को ज्ञापन देकर बताया कि इस बार हरियाणा वेयर हाऊस कार्पोरेशन व हैफेड खरीद एजेंसियों को ही फतेहाबाद मण्डी अलॉट की गई है। फतेहाबाद मण्डी में गेहूं की आवक बहुत ज्यादा होती है। पिछले वर्ष फतेहाबाद अनाज मण्डी में 20 लाख गेहूं की बोरियां खरीदी गई थी।

शत प्रतिशत मतदान को किया जागरूक

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा। बीएलओ की बैठक लेते उपायुक्त आरके सिंह।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आर के सिंह ने कहा कि सिरसा का अभियान-शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने में बीएलओ मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक करें और मतबूत लोकतंत्र में मतदान का महत्व बताएं। बीएलओ अपने-अपने पोलिंग बूथों पर चुनाव आयोग की हिदायतों अनुसार सभी पुख्ता इंतजाम करवाना सुनिश्चित करें। देश में लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व लोकसभा आम चुनाव 2024 का शेडयूल जारी हो गया है। हमें यह सुनिश्चित करना है कि 25 मई को हर पात्र मतदाता अपने घरों से निकालकर पोलिंग बूथ में पहुंचे और वोट डाले। वे सोमवार को स्थानीय पंचायत भवन में 42-कालांवाली व 43-डबवाली विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती, डबवाली विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी अभय सिंह मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बीएलओ अपने पोलिंग बूथ की सभी सुविधाओं जैसे रैंप, पेयजल, बिजली, शौचालय इत्यादि की अच्छी प्रकार से जांच कर लें और कहीं कोई कमी है तो उसकी सूचना तुरंत दें।

कांग्रेस मैनिफेस्टो से होगा व्यवस्था परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कांग्रेस नेता राजकुमार शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने जो क्रांतिकारी मैनिफेस्टो जारी किया है उससे निश्चित ही व्यवस्था परिवर्तन होगा। शर्मा ने सोमवार को जारी बयान में कांग्रेस नेता राजकुमार शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में 5 गारंटी दी गई है। उन्होंने कहा कि मैनिफेस्टो की आत्मा हमारी 5 गारंटी में है। पहली गारंटी में युवाओं के साथ न्याय होगा, जिसमें पक्की नौकरी, भर्ती भरोसा, पेपर लीक से मुक्ति, वर्कर सुरक्षा व युवा रोशनी इत्यादि नीतियां शामिल होंगी। दूसरी गारंटी होगी नारी न्याय, जिसमें महालक्ष्मी,

आधी आबादी, पूरा हक, शक्ति का सम्मान, अधिकार मैत्री, सावित्री बाई फुले हॉस्टल इत्यादि नीतियां शामिल होंगी। तीसरी गारंटी किसानों को समर्पित होगी और किसानों के साथ न्याय होगा, जिसमें फसलों के सही दाम व कानूनी गारंटी, कर्ज मुक्ति, बीमा भुगतान का सीधा ट्रांसफर, उचित आयात निर्यात नीति, जीएसटी मुक्त खेती इत्यादि पर नीतियां बनेगी। इसी प्रकार चौथी गारंटी श्रमिक न्याय होगा ।

भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली पदयात्रा

- कार्यकताओं ने पार्टी के पक्ष में मतदान का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नेहा मित्तल।

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा महिला मोर्चा नागपुर मंडल की ओर से पदयात्रा निकाली गई, जिसमें भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रधान नेहा मित्तल मुख्य अतिथि तथा सरपंच अनीता कंबोज विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रही और पदयात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। पदयात्रा पंचायत भवन से शुरू हुई तथा पूरे गांव में सैंकड़ों महिलाओं ने नागपुर मण्डल अध्यक्ष माया देवी की अगुवाई में हाथ में पार्टी का झण्डा लेकर नारे लगाते हुए लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इससे पूर्व पंचायत भवन में महिलाओं को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की जिला प्रधान नेहा मित्तल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में भाजपा ने देश-प्रदेश हित में अनेक कल्याणकारी योजनाएं बनाई, विकास के नए कीर्तीमान स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश में विपक्ष नाम की कोई चीज नहीं बची है। उन्होंने कहा कि इन लोकसभा चुनाव में जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के कामों पर मोहर लगाते हुए 400 से अधिक सीटों से जितवाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवादी पार्टी है।

श्री अमर ज्योति मंदिर के वार्षिक महोत्सव का ध्वजारोहण

श्री झूलेलाल जी के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। श्री अमर ज्योति मंदिर के वार्षिक समारोह का ध्वजारोहण कर शुभारंभ करते अतिथिगण।

सतगुरु बाबा श्री झूलेलाल जी महाराज, श्री अमरलाल जी महाराज के अवतार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित मंदिर के 41वें वार्षिक समारोह का गुरु माता प्रकाश देवी ठक्कर के पावन अध्यक्षता में सत्संग समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ किया गया। ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के फतेहाबाद जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश चुघ ने विधिवत पूजा अर्चना और वेद मंत्र उच्चारण के साथ ध्वजारोहण किया और श्री झूलेलाल जी महाराज के चरणों में पावन ज्योति को प्रचंड किया। इससे पूर्व सोमवार सुबह श्रीरामायण जी की वेद मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना की गई और पाठ का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर प्रमुख समाज सेवी अशोक मित्तल व उनकी धर्मपत्नी मंजू मित्तल ने विधिवत वेद मंत्र उच्चारण के साथ पूजा अर्चना करवा करके श्री रामायण जी के पाठ का शुभारंभ करवाया। इस अवसर पर श्री झूलेलाल जी महाराज के जयकारों से और श्री राम जय जय राम की जय घोष से वातावरण मंगल में हो गया। इस अवसर पर श्री हनुमान चालीसा व सुंदरकांड पाठ भी किया गया। श्री अमर ज्योति मंदिर के पुजारी विजय कुमार शर्मा और पुजारी पंकज शर्मा ने वेद मंत्र उच्चारण किए जिससे पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो गया। समारोह में कथा व्यास संत राम सागर मुनि जी महाराज, स्वामी प्रेम योगानंद जी महाराज, साध्वी प्रभा मुनि जी महाराज ने श्री झूलेलाल जी की महिमा का गुणगान किया। सूर्यवंशी साहब दयाल वधवा ने कुशल मंच संचालक की भूमिका निभाई। स्वामी विज्ञान प्रेमानंद महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि भगवान अपने भक्तों की श्रद्धा भावना और विश्वास को प्राथमिकता देते हैं। भगवान के प्रति जीवन में श्रद्धा चाहिए। प्रहलाद के लिए भगवान प्रकट हुए। उन्होंने कहा कि भगवान को पाना है तो प्रहलाद की तरह अपना जीवन बनाओ, तभी भगवान के दर्शन होंगे। विज्ञान प्रेमानंद महाराज ने कहा कि मानव का तन बड़ी मुश्किल से मिलता है इसलिए हमें जीवन में अच्छे कर्म करते हुए जीवन जीना चाहिए। जीवन में परोपकार अपनाना चाहिए। इस अवसर पर साध्वी प्रभा मुनि महाराज ने भी भक्ति भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया।